प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार से गोरखपुर पाटलिपुत्र वंदे भारत समेत 5 हजार 9 सौ कराड़ रुपए की परियोजनाओं का किया शुभारम्भ : कहा– भगवान बुद्ध की तपोभूमि को उनके महापरिनिर्वाण स्थल से जोड़ेगी यह ट्रेन।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का किया लोकार्पण : कहा– बीमारू राज्य से अब एक्सप्रेस वे प्रदेश बन रहा है उत्तर प्रदेश।
3. केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव कतर्नियाघाट में घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम में हुए शामिल : कहा– मानव वन्य जीव संघर्ष रोकने के लिए अपनाने होंगे वैज्ञानिक उपाय।
4. अंतर्राष्ट्रीय याग दिवस पर कल प्रदेश भर में 4 हजार से अधिक स्थानों पर होगा सामूहिक योगाभ्यास : केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल आगरा, अनुप्रिया पटेल वाराणसी और बीएल वर्मा कानपुर में विशेष सत्र में होंगे शामिल।
5. प्रदेश में मानसून सक्रिय : एक हफ्ते तक जारी रहेगा बारिश का सिलसिला।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के सिवान से गोरखपुर पाटलिपुत्र वंदे भारत ट्रेन बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच वैशाली देवरिया रेल लाइन परियोजना समेत करीब

पांच हजार 9 सौ करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि गोरखपुर और पाटलिपुत्र के बीच नई वंदे भारत ट्रेन से बाबा हरिहरनाथ की भूमि बाबा गोरखनाथ की धरती से जुड़ गई है। बाइट....

*सावन शुरू होने से पहले आज बाबा हरिहरनाथ की धरती वंदे भारत ट्रेन से बाबा गोरखनाथ की धरती से जुड़ गई है। पटना से गोरखपुर की नई वंदे भारत ट्रेन पूर्वांचल के शिव भक्तों को मिली नई सवारी है। ये ट्रेन भगवान बुद्ध की तपोभूमि को उनकी महापरिनिर्वाण भूमि कुशीनगर से जोड़ने का भी माध्यम है।*

इससे पूर्व प्रधानमंत्री विशेष विमान से कुशीनगर पहुंचे, जहां जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सीवान में प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में रेलवे के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए 400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली नई वैशाली–देवरिया रेलवे लाइन परियोजना का उद्घाटन किया और इस मार्ग पर एक नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आजमगढ़ में 7 हजार 283 करोड़ रुपए की लागत से तैयार लगभग 91 किलोमीटर लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

किया। श्री योगी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर एक्सप्रेसवे को आम जनता के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आजमगढ़ से गोरखपुर तक यह लिंक एक्सप्रेसवे पूर्वी उत्तर प्रदेश को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के क्रम में डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से अब एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। बाइट....

*दो हज़ार सैंतालीस में भारत एक विकसित भारत होगा। उस विकसित भारत के लिए विकसित और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने की दिशा में डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा किए गए प्रयासों का एक प्रतिफल है कि उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से अब एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।*

इसके पश्चात मुख्यमंत्री गोरखपुर के लिए रवाना हो गए और वहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में सुरक्षा का बेहतरीन माहौल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बन रहे एक्सप्रेस वे निवेश के आधार हैं। बाइट....

*सुरक्षा का एक बेहतरीन माहौल भी बना और बेहतरीन माहौल बना तो निवेश भी आता हुआ दिखाई दिया। पचास लाख करोड़ रुपए का इन आठ वर्षों में हमें निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए जिनमें पंद्रह लाख करोड़ रुपए को अब तक हम लोग जमीनी धरातल पर उतार चुके है और ये निवेश के लिए ही आधार बनाने के लिए एक्सप्रेस वे दिए गए हैं।*

——————————

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने उत्तर प्रदेश पीसीएस मेंस परीक्षा 2024 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। यह परीक्षा 29 जून से 2 जुलाई 2025 तक प्रयागराज और लखनऊ के परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों सुबह 9 बजे से 12 बजे और दोपहर 2 बजकर 30 मिनट से शाम 5 बजकर 30 मिनट तक आयोजित होगी। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट uppsc.up.nic.in से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

——————

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने आज बहराइच के कतर्नियाघाट की गेरूआ नदी में घड़ियाल के बच्चों को नदी की जल धारा में छोड़कर घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने इसके बाद नदी में नौका विहार भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वन और वन्यजीव इस धरती की प्राकृतिक धरोहर है। उन्होंने कहा कि पर्यावर्णीय समस्याओं के सरल समाधान के रूप में हमें अधिक से अधिक पौध रोपित करने होंगे। श्री यादव ने कहा कि मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए वैज्ञानिक उपायों को अपनाना होगा। बाइट....

*सभी से वर्कशॉप करके हमने उन कारणों को जानने की कोशिश करी की हम किस प्रकार से इस क्षेत्र का विकास कर सकते हैं। जानवरों की भी बढ़ती हुई संख्या मनुष्यों की भी बढ़ती हुई संख्या उनकी बच्चियों में टकराव*

*कैसे डाल सकते हैं कौन से साइंटिफिक प्रयोग हम से साइंटिफिक इंटरवेंशन हम कर सकते हैं।*

—————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————————

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पूर्व लखनऊ के केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में योगाभ्यास कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि स्वस्थ मन, स्वस्थ तन और स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनाएं। बाइट.....**

*कल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेशवासियों से अपील करता हूँ। सभी लोग अपनेअपने संस्थानों में अपने अपने घरों में विद्यालयों में धूमधाम के साथ तन्मयता के साथ योग दिवस को मनाए और माननीय मोदी जी का ह्रदय तल की गहराइयों से बहुत बहुत अभिनंदन।*

**मेरठ के पुलिस लाइन स्वास्थ्य केंद्र में योग शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मेरठ के सांसद अरुण गोविल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए हम सभी को योग से जुड़ना चाहिए।**

—————————

11वें अंतर्राष्ट्रीय याग दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में कल 4 हजार से अधिक स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल आगरा, केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा कानपुर और केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल वाराणसी में विशेष सत्र में शामिल होंगे। पेश है एक रिपोर्ट....

*प्रदेश सरकार ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं। योग के प्रचार–प्रसार के लिए 5000 प्रशिक्षित योग ट्रेनर तैयार किए गए हैं, जो प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में योगाभ्यास करवाएंगे। वहीं नगर विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 100 से अधिक योग पार्क विकसित किए हैं। जहां हजारों की संख्या में लोग एक साथ योग करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम राजभवन में होगा, जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक लखनऊ में योगाभ्यास कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज में रहेंगे। वहीं सूचना और प्रसारण मंत्रालय का केन्द्रीय संचार ब्यूरो कल लखनऊ में एक चित्र प्रदर्शनी और जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करेगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

—————————

प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी इलाकों सहित ज्यादातर हिस्सों में मॉनसून सक्रिय हो गया है। प्रदेश के कई जिलों में आज कई जगहों पर बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। विभाग ने अगले एक हफ्ते तक गरज

चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। पेश है एक रिपोर्ट....

*मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में दक्षिण–पश्चिम मानसून और तेज़ होगा। आईएमडी ने कई पूर्वी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें अलग–अलग इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज और कानपुर समेत कुल 36 जिलों में आज संभावित भारी बारिश और बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। राज्य के बाकी हिस्सों में भी बारिश होने की संभावना है। 36 हाई–अलर्ट जिलों के अलावा, सहारनपुर, मेरठ, गाजियाबाद, बरेली, मुरादाबाद और गोरखपुर जैसे क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद है। अगले 2–3 दिनों में बारिश से अधिकतम तापमान में 3–4 डिग्री सेल्सियस की उल्लेखनीय गिरावट आने की उम्मीद है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से ओम अवस्थी, लखनऊ।*

(समाप्त)